# Daily Current Affairs

Date : 18 March, 2026

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत MoU करने वाला देश का पहला राज्य : राजस्थान |
| 2. | राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर की प्रदर्शनी : JKK (जयपुर) |
| 3. | राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (RITI) |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजस्थान के प्राचीन सिक्के और मुद्रा विषय पर प्रदर्शनी : हवामहल (जयपुर)<br>2. विश्व का पहला नाटक 'समुद्र मंथन' : JKK (जयपुर)<br>3. AIU वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट 2025-26 : उदयपुर<br>4. विमन स्किल्स सेंटर और आंत्रप्रेन्योरशिप हब की स्थापना के लिए MoU<br>5. हर्षिता स्वामी<br>6. 5वीं नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान<br>7. टेक एनर्जीया इंडस्ट्री समिट-2026<br>8. मुक्केबाज हर्ष चौधरी (जयपुर) |
| 5. | पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन शुरू |
| 6. | 60वां ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| 7. | एनएमडीसी लौह अयस्क उत्पादन |
| 8. | नागोया प्रोटोकॉल पर भारत की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## 'जल जीवन मिशन 2.0' के तहत MoU करने वाला देश का पहला राज्य : राजस्थान

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, 'जल जीवन मिशन 2.0' के अंतर्गत जारी नई गाइडलाइन्स के अनुसार केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर करने वाला राजस्थान भारत का पहला राज्य बना।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **उद्देश्य :** यह समझौता ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति सेवा की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए किया गया है, जो 'हर घर जल' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक बड़ी पहल है।
- **लक्ष्य :** राज्य में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना और 'हर घर जल' के संकल्प के तहत सभी ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाना।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (जल जीवन मिशन 2.0):**

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10 मार्च, 2026 को जल जीवन मिशन (JJM) की अवधि को दिसंबर, 2028 तक बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की।
- JJM को JJM 2.0 के रूप में पुनर्गठित किया जाएगा, जिसका मुख्य फोकस ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों पर होगा।
- पूरे देश में पेयजल आपूर्ति प्रणाली को स्रोत से लेकर नल तक डिजिटल रूप से मैप करने के लिए 'सुजलम भारत' नामक एक राष्ट्रीय डिजिटल फ्रेमवर्क लागू किया जाएगा।
- **जल महोत्सव 2026 :** 8 से 22 मार्च, 2026 तक केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी अभियान।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर की प्रदर्शनी : JKK (जयपुर)

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान दिवस समारोह - 2026 के उपलक्ष्य में राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर द्वारा जवाहर कला केंद्र (JKK), जयपुर में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन अवधि :** 17 से 19 मार्च, 2026 तक।
- **मुख्य विषय :** 'राजपूताना की रियासतों के ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक महत्त्व के बहुमूल्य अभिलेख'।

### प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण:

- सन् 1885 ई. में जम्मू-कश्मीर के महाराजा के राज्याभिषेक पर उदयपुर महाराजा फतेहसिंह बहादुर को भेजा गया खरीता।
- अलवर-भरतपुर के बीच रूपारेल नदी विवाद समाधान का एग्रीमेंट।
- झालावाड़ राज्य द्वारा बाल विवाह एक्ट सन् 1927 के तहत बेमेल विवाह रोकने का आदेश।
- उदयपुर महाराणा सरूप सिंह द्वारा कोटा महाराव को सती प्रथा रोकने संबंधी आदेश की नकल।
- 19 रियासतों के नक्शे, राजचिह्न, संस्थापक एवं वंशावली से संबंधित फोटो।
- बीकानेर राज्य की ऊँट सेना 'गंगा रिसाला' से संबंधित अभिलेख।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सन् 1913 ई. मानगढ़ (डूँगरपुर-बाँसवाड़ा) में गोविन्द गुरु के नेतृत्व में सम्मेलन पर ब्रिटिश सरकार द्वारा नरसंहार से संबंधित अभिलेख।
- सन् 1576 ई. हल्दीघाटी युद्ध में चेतक के घायल होने व मृत्यु पर महाराणा प्रताप के शोक से संबंधित ताम्रपत्र।
- भरतपुर में 1927 के हिंदी साहित्य सम्मेलन में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा पत्र।
- **बीकानेर पुस्तकालय की दुर्लभ पुस्तकों का प्रदर्शन :** रिपोर्ट राज मारवाड़ (1891), बीकानेर गोल्डन जुबली (1887-1937), रुलर्स ऑफ इंडिया एंड द चीफ ऑफ राजपूताना (थॉमस हेडली), द किंग एंड क्वीन इन इंडिया (1911-12), द प्रिंस इन इंडिया (1921-22) और मेडिकल टोपोग्राफिकल अकाउंट ऑफ अजमेर राजपूताना (1900)।
- **राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर की स्थापना :** वर्ष 1955 में।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (RITI)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन (RITI) की स्थापना के 2 वर्ष पूर्ण हुए।




## मुख्य बिन्दु:

- राज्य सरकार द्वारा मार्च, 2024 में 'मुख्यमंत्री राजस्थान आर्थिक सुधार सलाहकार परिषद' (CMRETAC) के स्थान पर 'राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफॉर्मेशन एंड इनोवेशन' (RITI) का गठन किया गया।
- RITI राजस्थान सरकार द्वारा गठित एक नीति-निर्माता संस्थान (थिंक टैंक) है, जिसे केंद्र सरकार के नीति आयोग की तर्ज पर बनाया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** 'विकसित राजस्थान @2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ बनाना और राज्य के समग्र विकास के लिए नवाचार को बढ़ावा देना।
- **अध्यक्ष :** राजस्थान के मुख्यमंत्री पदेन अध्यक्ष।
- **लीड नॉलेज इंस्टीट्यूट (LKI) :** राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को RITI के लिए 'अग्रणी ज्ञान संस्थान (LKI)' नामित किया गया है, जो अनुसंधान और तकनीकी सहायता प्रदान करता है।

**कार्य :**

- विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास के लिए नीतियाँ तैयार करना।
- सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और उनमें सुधार के सुझाव देना।
- देश-विदेश की सफल नीतियों का अध्ययन कर उन्हें राजस्थान में लागू करने की संभावनाएं तलाशना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजस्थान के प्राचीन सिक्के और मुद्रा विषय पर प्रदर्शनी : हवामहल (जयपुर)**<br>■ जयपुर स्थित हवामहल में राजस्थान दिवस समारोह-2026 के उपलक्ष्य में "राजस्थान के प्राचीन सिक्के और मुद्रा" विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।<br>■ **आयोजक :** पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान।<br>■ **आयोजन :** 17 से 19 मार्च, 2026 तक।<br>■ इस प्रदर्शनी में कुल 154 प्राचीन सिक्के प्रदर्शित किए गए हैं, प्रदर्शनी में पंचमार्क, इंडो ग्रीक, योद्धेय गणराज्य, जनजातीय, कुषाण, उत्तर कुषाण, पश्चिम क्षत्रप, गुप्तकालीन, इण्डो- ससेनियन, गधैया, आदिवराह, अजयराज चौहान, सोमलदेवी, कलचुरी, दिल्ली सल्तनत, मुगल, उत्तर मुगल, जौनपुर सुल्तान, गुजरात सुल्तान, ईस्ट इंडिया कंपनी, ब्रिटिश, जयपुर के झाड़शाही सिक्के, विभिन्न मेडल और टोकन आदि शामिल है। |
| 2. | **विश्व का पहला नाटक 'समुद्र मंथन' : JKK (जयपुर)**<br>■ राजस्थान दिवस - 2026 समारोह के अंतर्गत 17 मार्च, 2026 को जयपुर के जवाहर कला केंद्र (JKK) में पौराणिक कथा पर आधारित भव्य नाटक 'समुद्र मंथन' का मंचन किया गया।<br>■ **प्रस्तुतकर्ता :** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) के रंगमंडल द्वारा।<br>■ यह नाटक आसिफ अली द्वारा लिखा गया और निर्देशन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक चित्तरंजन त्रिपाठी ने किया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **AIU वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट 2025-26 : उदयपुर**<br>▪ भारतीय विश्वविद्यालय संघ (AIU) द्वारा उदयपुर में 'वेस्ट जोन वाइस चांसलर मीट - 2025-26' का आयोजन किया गया।<br>▪ आयोजन तिथि : 17 और 18 मार्च, 2026<br>▪ स्थल : जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (JRNRV), डबोक, उदयपुर।<br>▪ मुख्य विषय : "स्वदेशी, आर्थिक देशभक्ति और तकनीकी-राष्ट्रवाद के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत"।<br>▪ दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं ने भाग लिया। |
| 4. | **विमन स्किल्स सेंटर और आंत्रप्रेन्योरशिप हब की स्थापना के लिए MoU**<br>▪ हाल ही में, जयपुर में विमन स्किल्स सेंटर और आंत्रप्रेन्योरशिप हब की स्थापना के लिए प्रिंसेस दीया कुमारी फाउंडेशन (PDKF) और एबरक्रॉम्बी एंड केंट फिलैंथ्रॉपी (AKP) के बीच समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।<br>▪ उद्देश्य : ग्रामीण राजस्थान की महिलाओं को कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना। |
| 5. | **हर्षिता स्वामी**<br>▪ जयपुर की हर्षिता स्वामी इंडो-थाईलैंड अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भाग लेने वाली राजस्थान की एकमात्र खिलाड़ी हैं।<br>▪ इस प्रतियोगिता में भारत ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल जीता।<br>▪ आयोजन : 11 से 15 मार्च, 2026 तक पटाया (थाईलैंड)। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **5वीं नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में राजस्थान**<br>■ हरियाणा के लोहारू में आयोजित 5वीं नेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में राजस्थान की महिला टीम 6 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर विजेता रही वहीं पुरुष टीम 12 स्वर्ण, 6 रजत एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त कर उपविजेता रही।<br>■ **महिला वर्ग :** पूनम सैनी ने प्रतियोगिता का सर्वाधिक भार उठाते हुए 'बेस्ट वूमन वेटलिफ्टर' का खिताब जीता।<br>■ **पुरुष वर्ग :** प्रेम नारायण सैनी ने 260 किलो वजन उठाकर 'बेस्ट लिफ्टर इंडिया' का खिताब जीता। |
| 7. | **टेक एनर्जीया इंडस्ट्री समिट-2026**<br>■ हाल ही में, राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर (RIC) में यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट जयपुर की ओर से 'टेक एनर्जीया इंडस्ट्री समिट-2026' का आयोजन किया गया।<br>■ **उद्देश्य :** तकनीक, उद्योग और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर भारत को 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में चर्चा करना। |
| 8. | **मुक्केबाज हर्ष चौधरी (जयपुर)**<br>■ जयपुर निवासी हर्ष चौधरी ने नोएडा में आयोजित सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2026 में स्वर्ण पदक जीता। मुक्केबाजी में हर्ष ने 34 वर्षों के अंतराल के बाद राजस्थान के लिए नेशनल लेवल पर स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रचा।<br>■ इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन मंगोलिया में आयोजित होने वाली एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के लिए हुआ। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## पद्म पुरस्कार-2027 के लिए नामांकन शुरू

### चर्चा में क्यों?

- केंद्र सरकार ने पद्म पुरस्कार 2027 के लिए नामांकन और सिफारिशें आमंत्रित करना शुरू कर दिया है।




### मुख्य बिन्दु:

- नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च को शुरू हुई और 31 जुलाई, 2026 तक खुली रहेगी।

**पद्म पुरस्कार**

- **स्थापना:** 1954 ई.
- इन्हें तीन श्रेणियों में प्रस्तुत किया जाता है : पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री।
- 'पद्म विभूषण' असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया जाता है।
- किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए 'पद्म श्री' पुरस्कार।
- ये पुरस्कार "विशिष्ट कार्यों" को मान्यता देते हैं और कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों या सेवाओं के लिए दिए जाते हैं।
- हालांकि, डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों सहित सरकारी कर्मचारी आमतौर पर इसके लिए पात्र नहीं होते हैं।
- स्वयं नामांकन की भी अनुमति होती है।
- नामांकन केवल ऑनलाइन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।
- इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 60वाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

- प्रख्यात तमिल गीतकार और लेखक आर. वैरामुथु को 60 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया है, जिससे वे यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले तीसरे तमिल लेखक और तमिल कविता के लिए सम्मानित होने वाले पहले लेखक बन गए हैं ।




## मुख्य बिन्दु:

- उन्हें अपने उपन्यास 'कल्लिकट्टू इथिकासम ' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार (2003) भी मिला। उन्हें 2003 में पद्म श्री और 2014 में पद्म भूषण से भी सम्मानित किया गया ।
- यह पुरस्कार इससे पहले तमिल लेखकों अखिलन (1975) और जयकांतन (2002) को प्रदान किया जा चुका है।

### ज्ञानपीठ पुरस्कार

- **परिचय:** भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा 1961 में स्थापित ज्ञानपीठ पुरस्कार, लेखकों द्वारा किए गए असाधारण आजीवन योगदान को मान्यता देने वाला भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।
- इसे अक्सर "भारतीय साहित्य का नोबेल पुरस्कार" माना जाता है, जो भारत की भाषाई विविधता और साहित्यिक अखंडता को उजागर करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## एनएमडीसी लौह अयस्क उत्पादन

### चर्चा में क्यों?

- एनएमडीसी लिमिटेड एक ही वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) में 50 मिलियन टन लौह अयस्क उत्पादन हासिल करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी बन गई है।




### मुख्य बिन्दु:

#### लौह अयस्क

- लौह अयस्क से तात्पर्य उन चट्टानों और खनिजों से है, जिनसे धात्विक लोहा निकाला जाता है।
- लौह अयस्क को लौह सामग्री के आधार पर चार मुख्य प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है: मैग्नेटाइट (सर्वोत्तम गुणवत्ता, >70% लोहा), हेमेटाइट (सबसे महत्त्वपूर्ण औद्योगिक अयस्क, 60-70% लोहा), लिमोनाइट (निम्न श्रेणी, 40-60% लोहा), और सिडेराइट (खराब गुणवत्ता, <40% लोहा)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील और चीन के बाद भारत चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है ।
- उत्पादन में ओडिशा सबसे आगे है, उसके बाद छत्तीसगढ़ और कर्नाटक का स्थान आता है।

### एनएमडीसी

- **स्थापना:** 1958
- भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी और इस्पात मंत्रालय के अधीन एक नवरत्न सीपीएसई ।
- यह 2030 तक भारत के 300 मीट्रिक टन इस्पात उत्पादन क्षमता के लक्ष्य का समर्थन करता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## नागोया प्रोटोकॉल पर भारत की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने हाल ही में नागोया प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन पर अपनी पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट (NR1) CBD सचिवालय को प्रस्तुत की है।




### मुख्य बिन्दु:

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट नवंबर, 2017 से दिसंबर, 2025 तक की अवधि को कवर करती है।

### नागोया प्रोटोकॉल क्या है?

- 29 अक्टूबर, 2010 को जापान के नागोया में अपनाया गया और 12 अक्टूबर, 2014 से प्रभावी, यह पूर्व सूचित सहमति और पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों के माध्यम से आनुवंशिक संसाधनों तक निष्पक्ष पहुँच और लाभ-साझाकरण सुनिश्चित करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत ने 2012 में इसे अनुमोदित किया, जो उसके जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के अनुरूप है।

### भारत का ढाँचा

- भारत का जैव विविधता प्रबंधन ढाँचा जैविक विविधता अधिनियम, 2002 के तहत संचालित होता है, जिसे जैविक विविधता नियम, 2024 और जैव विविधता प्रबंधन विनियम, 2025 द्वारा समर्थित किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, राज्य जैव विविधता बोर्ड/केंद्र शासित प्रदेश जैव विविधता परिषदें और स्थानीय स्तर पर जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ शामिल हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR